कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोड:— 211002
दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:— 0532-2466761, 0532-2466769 Website: http:\\updeled.gov.in
ई–मेल आई डी:— secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com

विज्ञप्ति

डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण–2019 हेतु ऑन–लाइन आवेदन

डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण 2019 एवं आगामी सत्रों में चयन/प्रवेश हेतु निर्गत शासनादेश सं0 426/68–4–2019–2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 25.06.2019 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों, सी0टी0ई0 वाराणसी तथा निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थानों, जिन्हें एन0सी0टी0ई0 की मान्यता उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संबद्धता प्रदान की गयी है, में **डी0एल0एड0(बी0टी0सी0)प्रशिक्षण–2019** हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हुए अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि –

1. **अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन में अंकित प्रविष्टियों में संशोधन का कोई अवसर देय नहीं है।** अतः अभ्यर्थी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2019 ऑनलाइन आवेदन के समय, पंजीकरण फार्म फाइनल सेव होने से पूर्व, अपने ऑनलाइन अंकित प्रविष्टियों का मिलान, मूल अभिलेखों से अवश्य कर लें। अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन को फाइनल सेव करने से पूर्व इस आशय के घोषणा पत्र को चयन करना अनिवार्य होगा कि – **"मैंने ऑनलाइन आवेदन के अंतर्गत किये गये रजिस्ट्रेशन का प्रिंट निकाल कर उसमें की गयी प्रविष्टियों का मिलान मूल अभिलेखों से कर लिया है एवं उसे सही पाया है तथा मै अपने रजिस्ट्रेशन को फाइनल सेव करने हेतु पूर्णतः सहमत हूँ, फाइनल सेव होने के उपरान्त मुझे अपने आवेदन में संशोधन करने का कोई अवसर देय नहीं होगा।"**

2. डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2019 ऑन लाइन आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी, वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं दिशानिर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर लें।

3. डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकार से सम्बद्धता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा भी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2019 के अन्तर्गत प्रवेश/चयन की कार्यवाही उक्त शासनादेश दिनांक 25.06.2019 में निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आयु एवं शासनादेश दिनांक 25.06.2019 के बिन्दु सं0 11 में अल्पसंख्यक संस्थानों हेतु दिये गये निर्देशानुसार सम्पादित करायी जायेगी।

4. ऑनलाइन आवेदन हेतु शैक्षिक अर्हता, आयु, आवेदन शुल्क, चयन का मानक एवं अन्य शर्तो सहित सामान्य एवं परिचालन सम्बन्धित तकनीकी दिशा–निर्देश वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर ऑन लाइन पंजीकरण फॉर्म, आवेदन शुल्क जमा करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का लिंक एवं **ऑन लाइन आवेदन–पत्र** उपलब्ध है। इस हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है :–

1.	ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	27.06.2019 (अपराह्न से)
2	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	11.07.2019 (सायं 06:00 बजे तक)
3.	ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	12.07.2019
4.	पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि	13.07.2019

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे ।

26.6.19
(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज 26/6/19

पृ0सं0/ डी0एल0एड0 प्रशि0 2019/ 6525–32 /2019–20 दिनांकः 26 जून, 2019
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

Scanned by CamScanner

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. उपमहानिदेशक/राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
6. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक गवर्मेन्ट बिजनेस शाखा, लखनऊ।
7. समस्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।
8. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य, निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।

26.6.19

(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज

20/6/19

Scanned by CamScanner